महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक–1190/कु0का0/2023 दिनांक– 23/02/2023

सेवा में,

प्रबंधक/प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय
आजमगढ़।

विषय– समस्त राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों में विभिन्न शैक्षणिक पदों पर सी०ए०एस० योजना के अन्तर्गत प्रोन्नति का लाभ नियत समय पर सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा निदेशालय के पत्रांक डिग्री अर्थ– 1/6338–6668/2022–23 दिनांक 22.02.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों में विभिन्न शैक्षणिक पदों यथा सहायक आचार्य, सहयुक्त आचार्य तथा आचार्य के सापेक्ष तैनात शिक्षकों की प्रोन्नति कैरियर उन्नति योजना (सी०ए०एस०) के अन्तर्गत परिनियमों में विहित व्यवस्था के अनुसार नियत समय पर सम्पादित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

अतः उक्त के क्रम में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि सम्बन्धित शिक्षकों की प्रोन्नति की कार्यवाही समयानुरूप तत्परता से कराई जाए। यदि शिक्षकों की प्रोन्नति में किसी प्रकार का अनावश्यक विलम्ब होता है/किया जाता है तो सम्बन्धित महाविद्यालय के प्रबन्धक/प्राचार्य को विलम्ब के कारणों का विश्वविद्यालय को स्पष्टीकरण देना होगा।

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. मीडिया प्रभारी को इस निर्देश के साथ कि विभिन्न दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कृपया उक्त सूचना वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही महाविद्यालय की लॉग–इन आईडी पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव